RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 17 अक्टूबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 175 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# 'मैडम कमिश्नर' किताब से महाराष्ट्र की राजनीति में भूचाल

## अजित पवार गुट दे रहा सफाई... कौन है ये 'दादा'?

मुंबईः महायुती सरकार में उपमुख्यमंत्री और गार्डियन मिनिस्टर अजित पवार एक बार फिर विवाद में घिर चुके हैं। दरअसल पूर्व आईपीएस अधिकारी मीरा बोरवनकर की किताब 'मैडम कमिश्नर' में एक जिक्र किया गया है। इसमें कहा गया है कि पुणे की पुलिस कमिश्नर पद पर जब उनकी नियुक्ति हुई थी, ठीक उसी समय ''दादा'' जो कि पालक मंत्री भी थे, उन्होंने पुणे के विभागीय आयुक्त के पास बैठक के लिए बुलाया। उस बैठक में पुणे के यरवदा में एक भूखंड को निजी व्यक्ति को देने का मामला था।



लेकिन मीरा बोरवनकर ने उस वक्त इसका विरोध किया और कहा कि पुलिस के लिए यह आरक्षित भूखंड उनकी कॉलोनी बनाने के अलावा और कई सरकारी काम के लिहाज से काम में आ सकता है। अगर एक बार यह जमीन निजी व्यक्ति के पास चली गई तो दोबारा इतनी अच्छी जमीन नहीं मिलेगी।

**'दादा' के नाम पर महाराष्ट्र में राजनीतिक भूचाल**

इस पुस्तक में बताया गया है कि दादा के पास जमीन का नक्शा था। उन्होंने मीरा बोरवनकर को हस्ताक्षर करने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने साइन करने से मना कर दिया। तब दादा ने गुस्से में कागज टेबल पर रखा दिया। मीरा बोरवनकर ने इस किताब में दादा के जिक्र पर अजित पवार गुट के नेता सूरज चव्हाण इन सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहते हैं कि किताब बिकने के लिए मीरा बोरवनकर की ओर से बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। इस मुद्दे पर महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि पूर्व आईपीएस अधिकारी मीरा बोरवनकर ने अपनी किताब में उल्लेख किया है कि दादा ने यरवदा की जमीन को बेचने के लिए उनपर दबाव बनाया था। अब ये दादा कौन है, कौन सा दादा है। पुलिस विभाग के अधिकारी का इस तरह का बयान देना गंभीर बात है।

### यरवदा की जमीन पर जांच की होगी मांग

उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसबा सत्र में सरकार से हम मांग करेंगे कि पूरे मामले की जांच की जाए। तुम चोर नहीं तो फिर शंका उपस्थित करने की कोई वजह नहीं है। जो गलत करेगा वो सामने आएगा। किताब में जिस जमीन का जिक्र है बाद में कुछ कारणों की वजह से उस जमीन की नीलामी नहीं हो सकी। इस पर कांग्रेस ने कहा कि आगामी विधानसत्रा सत्र में इसे उठाया जाएगा और सरका से जवाब मांगने के साथ ही मामेल की जांच करने की बात भी की जाएगी। बता दें कि राष्ट्रवादी कांग्रेस में दो गुट बनने के बाद से ही अजित पवार गुट खुद को सही साबित करने का कोशिश कर रहा है। ऐसे में अजित पवार के नाम का सीधा जिक्र भले ही मैडम कमिश्नर किताब में मीरा बोरवनकर ने ना किया हो लेकिन दादा के नाम पर अब अजित पवार गुट को सफाई देनी पड़ रही है।

# पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने मुंबई में उपमुख्यमंत्री फड़णवीस से मुलाकात की...!



**मुंबईः** महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने यहां उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फड़नवीस से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। यह बैठक रविवार को उपमुख्यमंत्री के सरकारी आवास सागर में हुई। 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में, फड़नवीस ने कहा, ''पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मेरे निवास सागर में शिष्टाचार भेंट की। मैंने उनका तहे दिल से स्वागत किया।' हालाँकि, बैठक का विवरण नहीं दिया गया। महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में कोश्यारी का कार्यकाल घटनापूर्ण रहा, नवंबर 2019 में सुबह-सुबह मुख्यमंत्री के रूप में फड़णवीस के शपथ ग्रहण समारोह और राकांपा के अजीत पवार के साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में महा विकास अघाड़ी सरकार का पतन और शिवसेना का शपथ ग्रहण समारोह शामिल था। पिछले साल जून में एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री और फड़णवीस उपमुख्यमंत्री बने थे।

# महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पद चाहती है आरपीआई : केंद्रीय मंत्री आठवले



**नागपुर :** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सोमवार को कहा कि उनकी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) को महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पद दिया जाना चाहिए, क्योंकि इससे मतदाताओं को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर लाने में मदद मिलेगी। आठवले ने एक समाचार चैनल को बताया कि राकांपा के अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट के राज्य सरकार में नौ मंत्री हैं (जो इस साल दो जुलाई को सरकार में शामिल हुए थे), जबकि 2012 से भाजपा के साथ रहने के बावजूद उनकी पार्टी के पास कोई मंत्री पद नहीं है। आठवले ने यह इंगित किया कि आरपीआइ (ए) को भाजपा-शिवसेना की देवेन्द्र फडणवीस सरकार (2014 और 2019 के बीच) में मंत्री पद दिया गया था। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का नेटवर्क पूरे राज्य में फैला हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''यह जरूरी नहीं है कि आरपीआई (ए) के पास कितने सांसद, विधायक या फिर पार्षद हैं। आरपीआई (ए) मतदाताओं को भाजपा की ओर लाने में सफल रही है। बड़ी संख्या में दलित-बौद्ध मतदाता राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और एकनाथ शिंदे सरकार का समर्थन करना चाहते हैं। हम अपनी पार्टी के लिए एक मंत्री पद की मांग कर रहे हैं।''

# ठाणे में नवरात्र जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच हुआ झगड़ा...

## पथराव में एक घायल, पटाखों से चार लोग झुलसे

**ठाणे :** ठाणे शहर में नवरात्र पर्व के दौरान देवी दुर्गा की प्रतिमा के साथ निकाले जाने वाले जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झगड़ा हो गया और इस दौरान चलाये गये पटाखों के के कारण चार लोग झुलस गए. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि रविवार रात करीब नौ बजे हुई घटना के दौरान पथराव भी हुआ, जिसमें एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया. नौ दिवसीय नवरात्र उत्सव रविवार से शुरू हो गया.

**देवी प्रतिमा के साथ जुलूस के दौरान हुआ झगड़ा**



श्रीनगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि वागले एस्टेट के हनुमान नगर इलाके में कुछ लोग देवी प्रतिमा के साथ जुलूस निकाल रहे थे, तभी पटाखे चलाये जाने को लेकर दो समूहों के बीच झगड़ा हो गया. अधिकारी ने बताया कि पटाखों के कारण चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

पुलिस ने बताया कि इसके अलावा, झगड़े के दौरान पथराव भी हुआ जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया.

**इन धाराओं में केस दर्ज**

शिकायतों के बाद 12 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 143 (गैरकानूनी ढंग से एकत्र होना), 147 (दंगा), 337 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालकर चोट पहुंचाना) और 283 (सार्वजनिक मार्ग को अवरूद्ध करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने बताया कि मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है.

# मुंबई-गोवा फोरलेन हाईवे का पिलर ढहा, बाल-बाल बचे लोग, सामने आया वीडियो



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के चिपलून शहर से निमार्णाधीन हाईवे के ढह जाने की खबर सामने आई है. चिपलून में आज सुबह मुंबई-गोवा फोर-लेन हाईवे के निमार्णाधीन स्थल पर एक खंभा ढह गया. इसके तुरंत बाद, फ्लाईओवर का एक हिस्सा भी ढह गया. हाईवे साइट पर इस्तेमाल की जा रही क्रेन मशीन क्षतिग्रस्त हो गई. बता दें इस हादसे में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना अब तक नहीं है. मुंबई-गोवा निमार्णाधीन हाईवे के क्षतिग्रस्त का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है.




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### मेजबानी का सवाल...?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 141वें इंटरनैशनल ओलिंपिक कमिटी (क्ढउ) सेशन के उद्घाटन के दौरान इस बात की पुष्टि कर दी कि भारत 2036 ओलिंपिक आयोजन की मेजबानी का दावा करेगा। यह एक बड़ी घोषणा तो है लेकिन हाल के घटनाक्रम की रोशनी में देखें तो न केवल स्वाभाविक है बल्कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के पॉजिटिव रेस्पॉन्स की उम्मीद भी दिलाती है। इसका शुरूआती संकेत क्ढउ प्रेसिडेंट थॉमस बाख के इस बयान में दिखता है कि भारत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। फिर भी आयोजन की मेजबानी की राह में अभी कई चुनौतियां हैं। इसके लिए भारत को कई मानकों से गुजरना होगा। यह बात भी सही है कि विशुद्ध आर्थिक लिहाज से देखा जाए तो ओलिंपिक आयोजन को लेकर कुछ शंकाएं-आशंकाएं भी रही हैं। पिछली सदी के उत्तरार्ध में तो कई विशेषज्ञ इसे घाटे का सौदा कहने लगे थे। बाद में टीवी राइट्स रेवेन्यू के बढ़ते आंकड़ों ने सूरत बदली। लेकिन 2020 के तोक्यो ओलिंपिक (जो आखिरकार 2021 में आयोजित हुए) में कोविड-19 की महामारी के चलते जिस तरह की दिक्कतें आईं और खर्च में जो बेतहाशा बढ़ोतरी हुई, उसने एक बार फिर पुरानी आशंकाओं को बल दिया। कुछ देशों के इससे पीछे हटने के भी उदाहरण देखने को मिले हैं। लेकिन एक तो कोविड-19 से उपजे हालात को सामान्य नहीं माना जा सकता। वह एक विशेष स्थिति थी जो मानव सभ्यता के इतिहास में कभी-कभी आती है। दूसरी बात यह कि ओलिंपिक हो या ऐसा कोई दूसरा बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन, उससे होने वाले फायदों को न तो खर्च और आमदनी के तात्कालिक आंकड़ों में नापा जा सकता है और न ही आर्थिक क्षेत्र तक सीमित किया जा सकता है। इन आयोजनों के लिए जिस तरह के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास की जरूरत होती है, वह खासकर विकासशील देशों के लिए लंबे समय तक फायदेमंद साबित होता है। भारत में राजधानी दिल्ली में अस्सी के दशक में हुए एशियाई खेलों के आयोजन से लेकर अब तक के तमाम अनुभव इसकी पुष्टि करते हैं। इसके अलावा यह ध्यान में रखना भी जरूरी है कि ऐसे आयोजन देश की विभिन्न क्षेत्रों में हासिल उपलब्धियों से दुनिया को परिचित कराने का अच्छा मौका होते हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय फलक पर देश की साख मजबूत होती है। इसका बढ़िया उदाहरण देश में हुई जी20 देशों की शिखर बैठक है, जिसके सफल आयोजन का स्वाद देश ने हाल ही में चखा है और इससे दुनिया में बढ़ी साख को महसूस कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह कि एक स्पोर्ट्स पावर के रूप में भारत का कद हाल के वर्षों में जिस तेजी से बढ़ा है और जिसका ताजा सबूत एशियाई खेलों में पदकों की संख्या में हुई अप्रत्याशित बढ़ोतरी है, उसके मद्देनजर भी ओलिंपिक की मेजबानी एक ऐसा मौका है, जिसे हमें हाथ से जाने नहीं देना चाहिए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# कुर्ला रेलवे स्टेशन के भीड़ भरे प्लेटफॉर्म पर युवक ने बुजुर्ग व्यक्ति को पीटा, वीडियो वायरल





**कुर्ला:** एक चौंकाने वाली घटना में, एक विवाद का एक पुराना वीडियो इंटरनेट पर सामने आया है जिसमें मुंबई के कुर्ला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर एक युवक एक बुजुर्ग व्यक्ति के साथ लड़ाई करता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि कुर्ला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर एक अर्धनग्न युवक एक बुजुर्ग व्यक्ति की पिटाई कर रहा है. वह रेलवे स्टेशन के भीड़ भरे प्लेटफॉर्म पर अपने बैग से एक शख्स पर हमला करता नजर आ रहा है. घटना 20 जुलाई को हुई। कुर्ला रेलवे स्टेशन शहर के सबसे व्यस्त स्टेशनों में से एक है और पीक आवर्स के दौरान स्टेशन पर भारी भीड़ होती है।

पीक आवर में युवक और बुजुर्ग के बीच मारपीट हो गई। वीडियो में रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म यात्रियों से खचाखच भरा हुआ देखा जा सकता है. स्टेशन पर इतनी भारी भीड़ के बीच दो शख्स झगड़ रहे हैं.

लड़ाई की वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है, हालांकि वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक अपने बैग से बुजुर्ग शख्स को मार रहा है और शख्स का इस्तेमाल भी कर रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि भीड़ लड़ाई के दौरान युवक और शख्स को अलग करने की कोशिश कर रही है. हंगामे के दौरान ट्रेन भी आ गई, लेकिन युवकों ने उस व्यक्ति को जाने नहीं दिया और उसके साथ मारपीट करते रहे।

यह लड़ाई करीब पांच से दस मिनट तक जारी रही और वीडियो में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान नजर नहीं आए। पूरे समय पुलिस नजर नहीं आई, यहां तक कि काफी देर तक मारपीट भी होती रही। इससे मुंबई के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक पर सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई है। स्टेशन से प्रतिदिन हजारों यात्री आवागमन करते हैं। मामले को लेकर अब तक किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं है.

**सतर्क आरपीएफ कांस्टेबल ने एक यात्री की जान बचा ली**

इससे पहले, सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हुआ था जिसमें एक सतर्क आरपीएफ कांस्टेबल ने एक यात्री को समय पर सीपीआर दिया था जो रेलवे स्टेशन पर गिर गया था। उन्होंने समय पर सीपीआर देकर यात्री की जान बचाई। इंटरनेट यूजर्स सवाल उठा रहे हैं कि जब युवक और बुजुर्ग के बीच विवाद हुआ तो ये सतर्क आरपीएफ कर्मी कहां थे। स्टेशन पर काफी देर तक मारपीट चलने के बाद भी आरपीएफ अधिकारी नहीं पहुंचे।

## भारत-पाकिस्तान विश्व कप 2023 मैच के दौरान सट्टेबाजी के आरोप में उल्वे में 4 गिरफ्तार



**नवी मुंबई:** नवी मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने भारत और पाकिस्तान के बीच 13वें आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप मैच के दौरान कथित तौर पर सट्टा स्वीकार करने के आरोप में शनिवार को उल्वे में चार लोगों को गिरफ्तार किया। ऑपरेशन के दौरान, पुलिस ने 23 मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, एक टेलीविजन, सिम कार्ड और अवैध सट्टेबाजी गतिविधियों से संबंधित अन्य सामान भी जब्त किया। अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक माणिक नलावडे द्वारा प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर और डीसीपी (अपराध) अमित काले के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए, नवी मुंबई के सेक्टर 23, उल्वे नोड, वाहल गांव में विश्व सिओना बिल्डिंग में छापेमारी की गई। आरोपी अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर सट्टेबाजी ऐप्स का इस्तेमाल करते थे

पुलिस के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान मैच के दिन उक्त बिल्डिंग के अपार्टमेंट नंबर 401 से चारों संदिग्ध मोबाइल फोन और लैपटॉप के जरिए सट्टेबाजी में लगे हुए थे. अपराध शाखा के एक अधिकारी ने खुलासा किया, ''वे अपने मोबाइल उपकरणों और लैपटॉप पर सट्टेबाजी एप्लिकेशन का उपयोग कर रहे थे।'' आरोपियों के खिलाफ एनआरआई पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और अपराध शाखा फिलहाल आगे की जांच कर रही है, इसमें अंतरराज्यीय सट्टेबाजी सिंडिकेट के शामिल होने का संदेह है। पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने विश्व कप मैचों के दौरान कड़े सुरक्षा उपायों को लागू करने और सट्टेबाजी से निपटने के महत्व पर जोर देते हुए निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सट्टेबाजी की किसी भी घटना पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## जी.एम. मोमिन वीमेंस कॉलेज अध्ययन केंद्र में मार्गदर्शन क्लास का उद्घाटन समारोह संपन्न



**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** यशवन्त राव चौहान महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय नासिक द्वारा संचालित केएमई सोसायटीज गुलाम मोहम्मद मोमिन वीमेंस कॉलेज भिवंडी अध्ययन केंद्र में बी.ए .प्रथम वर्ष में एडमीसन लेने वाले विद्यार्थियों के लिए काउंसलिंग क्लासेस का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। रईस हाई स्कूल परिसर के उर्दू बसेरा हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केएमई सोसायटी के अध्यक्ष तल्हा नजामुद्दीन फकीह ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में छात्रों को संबोधित करते हुए, उन्होंने छात्रों से अपनी शिक्षा जारी रखने के साथ साथ अपनी क्षमता एवं गुणवत्ता का विकास करने तथा उच्च शिक्षा की प्राप्ती के लिए प्रयासरत रहने के कहा प्रधानाचार्य ज़िया- उर-रहमान अंसारी ने छात्रों को शिक्षा के महत्व और उपयोगिता पर बोलते हुए कहा कि परिश्रम करने वालों के लिए दूरस्थ शिक्षा को नियमित शिक्षा के बराबर बताया।

उन्होंने छात्रों से अपनी शैक्षिक यात्रा जारी रखने और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयास करने का आग्रह किया। समारोह में अतिथि के रूप में प्राचार्य जिया-उर-रहमान अंसारी, रईस हाई स्कूल कमेटी के सदस्य नदीम तासे, केएमईएस हाई स्कूल एवं जूनियर कॉलेज, पड़घा की मुख्यध्यापिका जवेरिया काजी और उपप्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी उपस्थित थे। जवेरिया काजी ने अपने भाषण में छात्रों को उपयोगी सलाह दी और उन्हें निरंतर प्रयास करने की सलाह दी।

कार्यक्रम की शुरूआत अध्ययन केंद्र के छात्र खान मुहम्मद लुकमान अयूब द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से हुई।संयोजक अब्दुल अजीज अंसारी ने पुष्पगुच्छ से अतिथियों का स्वागत किया।सुफिया मोमिन ने विद्यार्थियों को अध्ययन केंद्र के नियम-कायदे समझाए। समारोह में मार्गदर्शक एजाज हाशमी, जवेरिया काजी और सुफिया मोमिन मौजूद थे। कार्यक्रम के संचालन का दायित्व सना अंसारी ने बखूबी निभाया। समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी के आभार प्रदर्शन के साथ समारोह सम्पन्न हुआ।समारोह के सफल आयोजन मे तहूर मोमिन का सहयोग शामिल था।

# पडघा फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस फोर्स का एक सिपाही गिरफ्तार

पडघा फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस फोर्स का एक सिपाही गिरफ्तार

## ऑनलाइन गेम खेलने से हुआ था कर्जदार।। कर्ज चुकाने के लिए बन गया चोर।।

**मुस्तकीम खान**

**भिवंडी :** भिवंडी तालुका के पडघा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुई गोलीबारी की घटना में पडघा पुलिस ने 48 घंटे के भीतर आरोपी सूरज देवराम ढोकरे को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। चौंकाने वाली बात यह है कि हमलावर मुंबई पुलिस फोर्स का सिपाही है। बैंक से लोन पर लिए गए लाखों रुपए के कर्ज का हफ्ता चुकाने के लिए लूटपाट करने और चोरी का रास्ता अपनाया।

पुलिस सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, 13 अक्टूबर शुक्रवार को तालुका के अंबाडी वाशिंद रोड पर पाइपलाइन के पास मैदे गांव की सीमा में दो युवकों की गोली मारकर हत्या करने की नाकाम कोशिश की गई थी। इस घटना में विरार पूर्व स्थित चंदनसर के रहने वाले फिरोज रफीक शेख उम्र 27 साल, अजीम असलम सैयद उम्र 30 साल के दोनों गंभीर जख्मी हो गए थे। इस मामले में गणेशपुरी के उपविभागीय पुलिस अधिकारी प्रशांत ढोले, शाहपुर के उपविभागीय पुलिस अधिकारी मिलिंद शिंदे के मार्गदर्शन में पडघा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस



निरीक्षक संजय साबले, स्थानीय अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुरेश मनोरे, सहायक पुलिस निरीक्षक नितिन मुदगन, स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस उपनिरीक्षक महेश कदम, कसारा पुलिस स्टेशन के सागर जाधव के नेतृत्व में पडघा, कसारा पुलिस और क्राइमब्रांच की विभिन्न टीमों का गठन किया गया। जिसने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पुलिस प्रारंभिक निष्कर्ष पर पहुंची कि अपराध चोरी के इरादे से किया गया था।

गोपनीय सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जांच करने पर पता चला कि हमलावर अहमदनगर नासिक बस से भाग रहे थे और अहमदनगर पुलिस की मदद से बस में सवार एक संदिग्ध को हथियार के साथ हिरासत में लिया गया, उससे पूछताछ करने पर पता चला कि वह मुंबई पुलिस फोर्स में कार्यरत 37 वर्षीय सूरज देवराम ढोकरे है। पुलिस की आगे की जांच में पता चला कि उसने विभिन्न बैंकों और क्रेडिट यूनियनों से 40 से 42 लाख रुपये का कर्ज लिया था क्योंकि उसने ऑनलाइन गेम खेलकर पैसे गंवा दिए थे। उसने चोरी का यह तरीका अपनाया क्योंकि लोन की किस्तें न चुका पाने के कारण उसके पास पैसे खत्म हो गए थे। जैसा कि आरोपी ने बताया कि वह पहले भी दो बार भिवंडी और अंबाडी इलाके का चक्कर लगा चुका है।अब पडघा पुलिस विभिन्न एंगल से जांच कर रही है और यह भी कि उसने पहले भी कोई अपराध किया है क्या ?

# दिल्ली आबकारी नीति मामले में 'आप' को आरोपी बना सकता है ईडी



**दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई फिर से शुरू की। इस दौरान शीर्ष अदालत को बताया गया कि ईडी इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाने पर विचार कर रहा है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस.वी.एन. भट्टी की पीठ के समक्ष अपनी बात रखते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए एएसजी एस.वी. राजू ने कहा कि उन्हें यह कहने का निर्देश दिया गया है कि ईडी आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में चल रही जांच में आप को आरोपी बनाने पर विचार कर रहा है।

सिसौदिया का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनते हुए पीठ ने 4 अक्टूबर को ईडी से पूछा था कि जब ईडी का पूरा मामला पार्टी के लाभार्थी होने का था तो आप को आरोपी क्यों नहीं बनाया गया। अगले दिन, पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने केवल एक कानूनी प्रश्न उठाया था। पीठ ने कहा था, ''... हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि हमारा कल का प्रश्न किसी को फंसाने के लिए नहीं था। मान लीजिए कि अभियोजन पक्ष के अनुसार यदि ए पर मुकदमा नहीं चलाया जा रहा है तो क्या बी या सी पर मुकदमा चलाया जा सकता है?'' अदालत मंगलवार को फिर से जमानत याचिका पर सुनवाई शुरू करेगी।

# राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार के विरोध में बेस्ट बिजली विभाग के कर्मियों बैठे आंदोलन पर

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** मुंबई पूर्व से ही जो वि.आर.एस के जरिए पिता के जरिए भर्ती हुए है बेस्ट बिजली विभाग के कर्मियों को आज तक स्थाई तौर पर नियुक्ति न मिलने के कारण राज्य की शिंदे सरकार तथा बृहन मुंबई महानगर पालिका के विरोध में बड़ी की संख्या में बि एस टी बिजली विभाग के कर्मियों ने सरकार के खिलाफ आज आजाद मैदान में त्रिव आंदोलन छेड़ा है । बिजली कर्मियों ने राज्य सरकार से कर्मचारियों को तत्काल स्थाई तौर पर नियुक्ति मिलनी चाहिए ऐसी मांग किया है । कुछ एक कमीर्यों का रिटायरमेंट का समय आगया पर कुछ भी पीएफ , ग्रेजुटी जैसी सुविधा कंपनी की ओर से कंपनी के लिए मुहैया नहीं कारवाई गई है ।



# वायरल वीडियो में दावा... बदमाशों ने महिला भजन गायिकाओं को हिंसा की धमकी दी



**मुंबई:** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में दावा किया गया है कि पालघर के नायगांव में नवरात्रि के पहले दिन उपद्रवी तत्वों के एक समूह ने महिला भजन गायकों के एक समूह के खिलाफ शारीरिक हिंसा की धमकी दी। यह घटना, जिसमें कुछ लोगों को गुस्से में हाथ में छड़ी लेकर एक सुविधा के अंदर घुसते देखा जा सकता है, सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। वीडियो को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक उपयोगकर्ता द्वारा इस दावे के साथ साझा किया गया था कि पुरुषों ने ''भक्ति गीतों'' पर हस्ताक्षर करने के लिए भजन गायकों के महिला समूह के खिलाफ हिंसा की धमकी दी थी। यूजर ने पोस्ट में मुंबई पुलिस को भी टैग किया और वीडियो शेयर किया. मामले के बारे में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है.

# अहमदनगर में यात्री ट्रेन के पांच डिब्बों में आग लगी

**मुंबई:** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में नारायणदोह स्टेशन के पास सोमवार दोपहर आग लगने से डीजल-इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) यात्री ट्रेन के पांच डिब्बे जलकर खाक हो गए, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, रेलवे अधिकारियों ने कहा। उन्होंने बताया कि आग लगने की घटना तब हुई जब ट्रेन (नंबर 01402) राज्य के मध्य क्षेत्र में बीड जिले के अष्टी स्टेशन से पश्चिमी महाराष्ट्र के अहमदनगर की ओर जा रही थी, लेकिन इसका कारण तुरंत पता नहीं चला।

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी




(सीपीआरओ) डॉ. शिवराज मानसपुरे ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे लगी आग में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ, क्योंकि आग फैलने से पहले वे सभी ट्रेन से सुरक्षित उतर गए। उन्होंने कहा, ''आग फैलने से पहले सभी ट्रेन यात्री सुरक्षित उतर गए।'' सीपीआरओ ने कहा, आग की लपटों ने गार्ड-साइड ब्रेक वैन और उसके बगल के चार डिब्बों को अपनी चपेट में ले लिया। मानसपुरे ने कहा कि मुंबई से लगभग 250 किमी दूर स्थित अहमदनगर से दमकल गाड़ियों को तुरंत बुलाया गया और शाम लगभग 4:10 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि पुणे जिले के दौंड स्टेशन से एक दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) भी घटनास्थल पर भेजी गई। जिस सेक्शन पर यह घटना घटी वह सेंट्रल रेलवे की अहमदनगर-पराली लाइन का हिस्सा है।



# मालगाड़ी पर पथराव में ड्राइवर घायल...



**वसई:** अज्ञात व्यक्ति के पथराव में एक मालगाड़ी का ड्राइवर घायल हो गया है. घटना रविवार रात पश्चिम रेलवे के वैत्राणा और विरार रेलवे स्टेशन के बीच हुई. वसई रोड रेलवे पुलिस रविवार को गुजरात के बलसाड रेलवे स्टेशन से विरार की ओर आ रही एक मालगाड़ी (मालगाड़ी संख्या यूएनजीयू-केटीआईजी) पर पथराव करने वाले आरोपियों की तलाश कर रही है। इस मालगाड़ी में सुप्रिया अरविंद परोहा लोको पायलट और शिंभू दयाल मीना सहायक लोको पायलट थे.

# वसई में जल्द ही बनने वाले हैं चार नए रेलवे फ्लाईओवर

## यातायात की भीड़ को कम करने का प्रयास




**वसई:** मुंबई और कल्याण डोंबिवली की तरह अब वसई और विरार शहर में महारेल द्वारा 4 रेलवे फ्लाईओवर (आरओबी) का निर्माण किया जाएगा। राज्य के लोक निर्माण विभाग ने इन पुलों के निर्माण का निर्देश महारेल (महाराष्ट्र रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन) को दिया है। इस संबंध में जल्द ही एमएमआरडीए, वसई विरार नगर पालिका और महारेल के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इन पुलों के निर्माण के बाद वसई विरार शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर हो जाएगी।

वसई और विरार शहरों का क्षेत्रफल 380 वर्ग किलोमीटर है और शहरों की आबादी लगभग 27 लाख है। हालाँकि, शहरों में सड़कें संकरी हैं। ऐसे में आए दिन नागरिकों को जाम से जूझना पड़ता है। सबसे अधिक ट्रैफिक जाम शहर के पूर्व से पश्चिम तक होता है। इसके लिए रेलवे फ्लाईओवर (आरओबी) बनाने का विचार लाया गया। ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए मनपा ने शहर में 4 रेलवे फ्लाईओवर का प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए एमएमआरडीए को भेजा था. इनमें उमेला (वसई), अचोले (नालासोपारा) प्रमुख हैं। अलकापुरी (नालासोपारा) और विराट नगर (विरार) में चार फ्लाईओवर शामिल हैं। इस पर 175 करोड़ का खर्च आने का अनुमान था. हालांकि, फंड की कमी के कारण फ्लाईओवर का निर्माण रुका हुआ था।

नगर पालिका ने इन फ्लाईओवर का काम केंद्र सरकार की 'सेतु भारतम' योजना के जरिए करने का भी प्रयास किया था। विधायक हितेंद्र ठाकुर द्वारा इन पुलों के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग से बात करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह काम महारेल को सौंपने का निर्देश दिया है। लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी निदेशक (वित्त) सुभाष कवाडे ने पत्र के माध्यम से यह जानकारी दी. वसई विरार नगर आयुक्त अनिल कुमार पवार ने विश्वास व्यक्त किया कि यदि चार रेलवे फ्लाईओवर का निर्माण किया जाता है, तो पूर्व और पश्चिम में यातायात भीड़ की समस्या 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगी।

# मुंबई पुलिस ने एक टेलीविजन शो से प्रेरित होकर 30 लाख रुपये से अधिक के नकली Nvrtri कार्यक्रम टिकट घोटाले का भंडाफोड़ किया



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने एक टेलीविजन शो से प्रेरित होकर 30 लाख रुपये से अधिक के नकली नवरात्रि कार्यक्रम टिकट घोटाले का भंडाफोड़ किया है और मुंबई और विरार से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला तब सामने आया जब बोरीवली के व्यवसायी नीरव जी मेहता ने शिकायत दर्ज कराई कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुनील राणे के 'रंगरात्रि डांडिया विद किंजल दवे' और 'दुगार्वेदी नवरात्रि उत्सव समिति' के आयोजकों को धोखा दिया है।

उनकी जांच से पता चला कि एक वेब डिजाइनर के नेतृत्व में एक गिरोह ने कथित तौर पर उपरोक्त नवरात्रि शो के लिए 3,000 रुपये के नकली 'सीजन पास' बेचकर 1,000 से अधिक लोगों को धोखा दिया था। पुलिस टीम ने कार्रवाई की और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, मास्टरमाइंड करण ए शाह जो कि पालघर के विरार शहर में स्थित एक वेब-डिजाइनर है, पर ध्यान केंद्रित किया, जिसने कहा कि वह इस अपराध के लिए टेली-सीरियल 'फर्जी' से प्रेरित था।.

# पुलिस से फरार होने के बाद उसने 3 जगहों पर चोरी की...

**वसई :** क्राइम ब्रांच 3 की टीम ने आखिरकार 8 दिन बाद विरार पुलिस के चंगुल से भागे कुख्यात चोर मंगेश पार्टे को पकड़ने में सफलता हासिल कर ली है। दिलचस्प बात यह है कि इस आरोपी ने फरार रहते हुए भी 3 जगहों पर चोरी की थी. उसे पहले सख्य के भाई की हत्या के मामले में भी गिरफ्तार किया गया था।

मंगेश उर्फ मनीष यशवंत परते (48) एक सराय चोर है। वह ट्रेनों, मंदिरों और बाजारों में लोगों का बैग चुराने में माहिर है। 3 अक्टूबर को अंबेमाता मंदिर से बैग चोरी के मामले में विरार पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था. 5 अक्टूबर को जब उसे वसई विरार नगर निगम के चंदनसर स्थित जीवदानी अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए लाया गया, तो वह गार्ड पर तैनात एक पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारकर फरार हो गया। तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी. आखिरकार क्राइम ब्रांच 3 की टीम ने सीसीटीवी के आधार पर उसका पता लगाया और शनिवार रात को उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस से फरार होने के बाद भी पार्टे ने तीन जगहों बोरीवली, दादर और पालघर के पास केलवा में बैग चोरी की वारदातों को अंजाम दिया



था। पुलिस से बचने के लिए वह घर जाने के बजाय सड़क किनारे सोता था। पुलिस ने बताया कि वह नशे के लिए चोरी कर रहा था। पुलिस उपायुक्त अविनाश अंबुरे (अपराध) के मार्गदर्शन में, अपराध शाखा 3 के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद बडख, पुलिस उपनिरीक्षक अभिजीत टेलर, उमेश भागवत और अशोक पाटिल, मनोज चव्हाण, मुकेश तटकरे, सचिन घेरे, सागर की एक टीम बरवाकर, मनोज सकपाल, अश्विन पाटिल आदि पर कार्रवाई की गई

**भाई की हत्या कर दी गई**

आरोपी मंगेश परते ने 2007 में संपत्ति विवाद को लेकर सक्खा के भाई नितिन परते (30) की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में गिरफ्तार होने के बाद वह 7 साल तक जेल में रहे थे. जमानत पर बाहर आते ही उसने बैग चोरी की वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया। उसने मुंबई और उसके आसपास ट्रेनों में बैग और मोबाइल चोरी के कई अपराध किए हैं।

# ऑनलाइन खरीद पर छूट के नाम पर घोटाले

**भाईदर :** मीरा रोड के एक व्यक्ति को ऑनलाइन खरीदारी पर भारी छूट देने के बहाने ठगा गया; हालांकि, काशी-मीरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित से पूरी रकम बरामद कर ली। मीरा रोड ईस्ट में रहने वाले सतीश सोलंकी ने फेसबुक पर ऑनलाइन शॉपिंग पर भारी छूट का विज्ञापन देखा था। वह विज्ञापन में दिए गए लिंक पर गया और अपने क्रेडिट कार्ड का विवरण और व्यक्तिगत जानकारी भर दी। तभी एक अजनबी ने फर्जी लिंक के झांसे में आकर उनके मोबाइल फोन पर एनी डेस्क एप्लिकेशन भेजा और उन्हें इसे डाउनलोड करने के लिए मजबूर किया। इसके बाद सोलकी के क्रेडिट कार्ड से कुल 80 हजार रुपये कट गए. यह महसूस करते हुए कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है, सोलंकी ने तुरंत काशी-मीरा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत पर संज्ञान लिया और सोलंकी के लेन-देन के बारे में पूछताछ की। जांच में पता चला कि जालसाज ने सोलंकी के पैसे से गिफ्ट वाउचर खरीदे। पुलिस ने तुरंत लेनदेन रोकने के लिए संबंधित कंपनी को ई-मेल किया।

# पालघर में महिला ने की आत्महत्या!

## चौकाने वाली वजह आई सामने... 4 के खिलाफ मामला दर्ज, 2 गिरफ्तार

**पालघर :** जिले में 24 वर्षीय एक महिला ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, जिसके बाद पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में उसके पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक जांच के दौरान, पुलिस को हथेली पर लिखा एक 'सुसाइड नोट' लिखा मिला है जिसमें उसने अपने ससुराल वालों और पति पर दहेज की मांग करने और उसे परेशान व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मृतक महिला के पिता ने पुलिस में दर्ज कराई गई



शिकायत में कहा कि उनकी बेटी की शादी मई 2022 में नाला सोपारा इलाके के एक व्यक्ति से हुई थी। वह मुंबई में एक निजी कंपनी में इंजीनियर है। शादी के दो महीने बाद, उसके ससुराल वालों ने कथित तौर पर महिला के परिवार से पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी, जिसे वे नहीं दे सके। पुलिस ने जानकारी दी कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे शिकायतकर्ता के दामाद ने उन्हें फोन करके पांच लाख रुपये की मांग की और कथित तौर पर चेतावनी दी कि अगर वह पैसे नहीं देंगे, तब वे उनकी बेटी को मार देंगे।

शिकायत में बताया गया कि कुछ समय बाद, जब महिला के पिता ने अपनी बेटी को फोन किया और उससे पूछताछ की, तब उसने बताया कि उसके ससुराल वाले उसे पैसे के लिए परेशान करते हैं और उसकी पिटाई करते हैं और वह इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकती। शुक्रवार शाम को नाला सोपारा के एक व्यक्ति ने महिला के पिता को सूचित किया कि उसकी बेटी ने आत्महत्या कर ली है। महिला के पिता की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने शुक्रवार को उसके पति, ससुर, सास और ननद के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने महिला के पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में जांच जारी है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com